हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

तापमान
अधिकतम 45 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 खलियावास में तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी, डीटीपी ने छह निर्माण भी किए ध्वस्त



12 आगामी माह में दस्तक देगा मानसून, नालों की सफाई के टेंडर देरी से होने पर इस बार भी शहर में जलभराव करेगा परेशान



AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
फार्मेसी करें: ADMISSION OPEN For Session 2025-26
B. PHARMACY Duration:- 4 Year
D. PHARMACY Duration:- 2 Year
BMLT Duration:- 3 Year
DIPLOMA IN YOGA Duration:- 1 Year
ELIGIBILITY-10+2 MEDICAL & NON-MEDICAL
OPPORTUNITIES
Hospital Pharmacist •
Sales & Marketing •
Manufacturing Pharmacist •
Retail Pharmacist •
Quality Control •
Medical Transcription •
GAHRA ROAD, KANINA | 9467543958, 9466464921, 8295003528

## खबर संक्षेप

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। राज्य बनाम देवेंद्र मामले में महेंद्रगढ़ के नांगल हरनाथ निवासी देवेंद्र कोर्ट से अनुपस्थित चल रहा था। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने उसे नोटिस देने के बाद पीओ घोषित कर दिया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने व उसकी संपत्ति का ब्योरा हासिल करने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सांझरपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 4 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने उसके साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने जांच के बाद सांजरपुर निवासी रविंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रूध पुल के पास खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** रूध पुल के पास खड़ी एक कंपनी कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में झाबुआ निवासी राजेंद्र ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। उसने अपनी बाइक रूध पुल के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह कंपनी में काम पर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। पहले उसने यह सोचा कि बाइक उसका कोई दोस्त ले गया होगा। कई जगह पूछताछ करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक चोरी का आरोपी प्रोडक्शन पर

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने गत 7 मार्च को बास रोड से बाइक चोरी होने के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। नंदरामपुरा बास निवासी विकास की बाइक बास रोड पर एक समारोह स्थल की पार्किंग से चोरी हो गई थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने नूंह के अटेरना निवासी मोहम्मद इरफान को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। तस्दीक में शामिल करने के बाद आरोपी को फिर से जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने 7 मई को परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में लक्ष्मीनगर रेवाड़ी निवासी वासुदेव ने बताया था कि उसके बेटे ने जाटूसाना रेलवे स्टेशन के पास बर्फ फैक्ट्री लगाई हुई है। पास में रहने वाले जाटूसाना की ढाणी निवासी शेरसिंह व उसके परिजनों ने उसके बेटे व परिजनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए सुनील, भीम व शेरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

डेढ़ दशक बाद भी बिल्डिंग का इंतजार नहीं हुआ खत्म, खाली जमीन पर झुग्गियों से किया लोगों ने अतिक्रमण

# बस स्टैंड का नक्शा चंडीगढ़ में अटका, टेंडर प्रक्रिया शुरू होने में लगातार देरी, खत्म नहीं हो रहा इंतजार

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

सामान्य बस स्टैंड की बिल्डिंग का निर्माण शुरू होने का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। डेढ़ दशक पूर्व हुई घोषणा को सिरे चढ़वाने के लिए सत्तापक्ष के नेताओं से लेकर विपक्षी नेताओं तक ने कई बार विधानसभा में मामला उठाया, परंतु निर्माणकार्य शुरू कराने में लगातार देरी हो रही है। धारूहेड़ा में बस निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जबकि रेवाड़ी बस स्टैंड का नक्शा स्वीकृति के इंतजार में चंडीगढ़ में ही अटका हुआ है। वर्ष 1973 में शहर के बीच बनाए गए बस स्टैंड के बाद बने कई जिलों के बस स्टैंड नए बस स्टैंड भवनों में ट्रांसफर हो चुके हैं, परंतु इस बस स्टैंड को जर्जर भवन से अभी तक मुक्ति नहीं मिली है। वर्ष 2012 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से लगभग 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण बस स्टैंड निर्माण के लिए किया गया था। इसके बाद रोडवेज विभाग को कब्जा लेने में ही एक दशक से ज्यादा समय लग गया। पहले जमीन का मामला कोर्ट में अटका रहा। बीते वर्ष तक सभी कोर्ट केसों का निपटारा हो गया, तो रोडवेज ने अपनी जमीन भी खाली करा ली थी। बस स्टैंड की बिल्डिंग का निर्माणकार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद बंधी थी, लेकिन अभी तक मामला अधर में लटका हुआ है। रोडवेज की ओर से पूरी जमीन कब्जे में लेने के बाद इससे गुजरने वाली बिजली की लाइनों को भी शिफ्ट करा दिया गया था। बिल्डिंग का नक्शा तैयार करने के बाद मुख्यालय को भेजा गया था, जिसे आज तक स्वीकृति नहीं मिली है। नक्शे को स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। बस स्टैंड की जिस जमीन से रोडवेज ने कब्जा खाली कराया था, निर्माण प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर उस जमीन पर झुग्गियों से कब्जा कर लिया गया है।





रेवाड़ी। जर्जर हालत में सरकुलर रोड स्थित बस स्टैंड, प्रजापति चौक के पास नए बस स्टैंड की जमीन। फोटो :हरिभूमि

### हम करा चुके लोनिवि को पूरा पैसा

बिल्डिंग का निर्माण कराने के लिए लोक निर्माण विभाग को पूरा पैसा रोडवेज विभाग की ओर से जमा कराया जा चुका है। रोडवेज विभाग से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। अब लोक निर्माण विभाग को आगे की प्रक्रिया पूरी करनी है।

-प्रदीप अहलावत, जीएम, रोडवेज।

### तकनीकी खामियों को किया जा रह दूर

रेवाड़ी बस स्टैंड का भवन बड़े एरिया में बनना है। नक्शे में रोडवेज विभाग की सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए जाने हैं, जिस कारण उसे पास होने में देरी हो रही है। जून माह के अंत तक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू कराने के प्रयास हैं।

-सतेंद्र सिंह, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।

### चुनावों में बना रहा बस स्टैंड बड़ा मुद्दा

सामान्य बस स्टैंड की बिल्डिंग निर्माण का मामला गत दो विधानसभा चुनावों में इस हलके का बड़ा मुद्दा बना रहा है। विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक इस मामले को जोरदार ढंग से उठा चुके हैं। प्रश्नकाल में बिल्डिंग निर्माण का कार्य जल्द शुरू होने का जवाब तो मिलता है, परंतु जमीनी तौर पर निर्माण प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार इसके पीछे राजनीतिक हस्तक्षेप अपना काम कर रहा है। यही कारण है कि लंबे समय से नक्शे की फाइल ही मुख्यालय में अटकी पड़ी है।

### जर्जर भवन में ही चलाया जा रहा काम

पांच दशक से भी ज्यादा समय पहले बने बस स्टैंड की बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो चुके है। इसके एक हिस्से को करीब 2 साल पहले हादसे की आशंका से गिरवा दिया गया था। अन्य बिल्डिंग की हालत भी दयनीय बनी हुई है। कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के कारण भवन पर्याप्त नहीं है। बरसात के समय छतों से पानी टपकता है। नया भवन प्रस्तावित होने के कारण इसकी मरम्मत पर पैसा मोटा पैसा भी खर्च करना संभव नहीं है, जिस कारण कर्मचारी और अधिकारी इसी भवन में काम चलाने को मजबूर हैं।

### लोक निर्माण विभाग के पास जमा पैसा

बस स्टैंड की बिल्डिंग का निर्माण लोक निर्माण विभाग को कराना है। इसके लिए रोडवेज विभाग की ओर से लगभग 65 करोड़ रुपये लोक निर्माण विभाग को जमा करा दिए गए हैं। जानकार सूत्रों को नक्शे को अंतिम रूप देने के लिए दोनों विभागों में सामंजस्य का अभाव बना हुआ है। बड़ी बिल्डिंग होने के कारण नक्शे में नजर आने वाली खामियों को दूर करने में ही लंबा समय लग रहा है। 20 एकड़ में से लगभग 17 एकड़ में आम बसों और 3 एकड़ में इलेक्ट्रिक बसों के लिए बेज बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

# दुबई शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी का एक आरोपी काबू

- पुलिस ने दर्ज किया था 12 लोगों के खिलाफ केस, अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दुबई शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने के बाद दो साल में डबल होने का झांसा देकर कई लोगों को करोड़ों रुपये की चपत लगाने के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तीन मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया गया है। 12 लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए इस केस के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। महेंद्रगढ़ के धनोंदा निवासी जिले सिंह ने एसपी को दर्ज शिकायत में बताया था कि उससे सेक्टर-4 में रहने वाले वेदप्रकाश ने पैसे उधार लिए थे। उसी समय उसकी वेदप्रकाश से जान-पहचान हुई थी। वेदप्रकाश ने दुबई में एक फर्म रजिस्ट्रर्ड कराई हुई थी, जिसके वह, रणधीर व जयसिंह आदि निदेशक थे। इन लोगों ने दुबई में पैसा इन्वेस्ट करने पर दो साल में पैसा दोगुना करने का झांसा दिया था। उसने अपने कई साथियों के साथ मिलकर उनके इशारे पर लाखों रुपये इन्वेस्ट किए थे। बाद में पता चला कि यह लोग दर्जनों लोगों को इन्वेस्ट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का शिकार बना चुके हैं।

एसपी ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने वेदप्रकाश, रामकिशन, हर्ष यादव, निकिता, ओमवती, रणधीर सिंह, जयसिंह, मेघसिंह, पूनम, जयभगवान, सतीश कुमार, विवेक, जीतू व जयसिंह के खिलाफ गत 31 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की इकोनॉमी सेल को सौंपी गई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने एक आरोपी रणधीर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल फोन व एक घड़ी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### यूपी और राजस्थान में दर्ज हैं केस

पुलिस शिकायत में जिले सिंह ने बताया था कि आरोपियों ने कंपनी के निदेशक परिवार के सदस्यों को निदेशक बनाया हुआ था। इन लोगों के खिलाफ यूपी व राजस्थान के साथ-साथ हरियाणा के पानीपत पुलिस थानों में भी धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। यह लोग शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने की आड़ में दर्जनों लोगों को करोड़ों रुपये की ठगी का शिकार बना चुके हैं। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इनके झांसे में आकर करोड़ों रुपये हड़प लिए। पुलिस अभी मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### हरियाणा बोर्ड दसवीं में टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान

**रेवाड़ी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं परीक्षा परिणाम में श्री कृष्णा स्कूल हांसाका के चार विद्यार्थियों के टॉप 10 सूची में आने पर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने हरियाणा में तृतीय तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी को स्कूटी भेंट की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महंत कृष्णनाथ महाराज शेंरावाली माता मंदिर हांसाका ने भी खुशी को लैपटॉप भेंट किया तथा पांचवां, सातवां तथा नौवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100-2100 रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।




रेवाड़ी। बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी से टिकट कैंसिल कराते समय ठगी

- दूसरे मामले में महिला को ऑनलाइन जॉब के नाम पर चूना लगा दिया गया
- साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक मामले में रिटायर्ड पुलिसकर्मी ट्रेन की टिकट कैंसिल कराने के मामले में ठगी का शिकार हो गया, तो दूसरे मामले में महिला को ऑनलाइन जॉब के नाम पर चूना लगा दिया गया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में आनंद नगर निवासी अरुण कुमार ने बताया वह दिल्ली पुलिस ने सेवानिवृत्त है। उसने परिवार के साथ प्रयागराज घूमने का कार्यक्रम बनाकर आईआरटीसी की साइट से गत 18 फरवरी को चार टिकट बुक कराई थी। यात्रा का कार्यक्रम कैंसिल होने के बाद उसने साइट पर टिकट कैंसिल कराने के लिए रिक्वेस्ट भेजी थी। उसे साइट से एक नंबर मिला था, जिस पर संपर्क करने के बाद उसके पास दूसरे नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे बार-बार बातों में उलझाकर एक फार्म भरने के लिए कहा। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर खाते से 94165 रुपये कटने का मैसेज आया, तो उसे ठगी का पता चला।




रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित साउथ रेंज साइबर थाना। फोटो :हरिभूमि

### क्यूआर कोड भेजकर महिला को ठगा

एक अन्य मामले में सनसिटी निवासी नेना जिंदल ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने 18 मई को इंस्टाग्राम पर आनलाइन जॉब करने के लिए एक नंबर देखा था। उसने उस नंबर पर कॉल की तो उसे रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा गया। उसके पास एक क्यूआर कोड भेजकर 499 जमा कराने को कहा गया। पैसे जमा कराने के बाद उसे झांसे में देकर 10 बार में 90844 रुपये स्कैन कोड के जरिए ट्रांसफर करा दिया। बाद में उससे और अधिक रकम की मांग की गई, तो उसे ठगी का अहसास हो गया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें दोनों की रकम ट्रांसफर हुई है।

इस सप्ताह बढ़ेगा हीटवेव का प्रकोप, भीषण गर्मी कर रही परेशान

# जबरदस्त हीटवेव के बीच फिर एक डिग्री बढ़ा पारा, रात के तापमान में उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पिछले आठ दिन से जिले का तापमान 40 डिग्री के पार चल रहा है। भारी गर्मी व हीटवेव से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। दूसरी ओर रात का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों की रातों की नींद भी हराम होने लगी है। इस सप्ताह गर्मी के प्रकोप में कमी आने की कोई उम्मीद नहीं है। तापमान सप्ताह के अंत तक 47 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिसके बाद हीटवेव लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम भी कर सकती हैं। भारी गर्मी के बीच आसमान में आंशिक बादल छाने का क्रम भी लगातार चल रहा है। मंगलवार को दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे। सुबह 8 बजे के बाद मौसम साफ होते ही गर्मी एक बार फिर चरम पर आ गई। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ फिर से 45 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 25.5 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष भी 20 मई को दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस था, जबकि न्यूनतम तापमान इस वर्ष की अपेक्षा 3.5 डिग्री ज्यादा 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब रात के समय भी भारी गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। दिन के समय बाजार सूने नजर आते हैं। सड़कों पर ट्रैफिक कम हो जाता है। गांवों में भी लोग लू के प्रकोप से बचने के लिए दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकल रहे। मौसम विभाग के अनुसार हीटवेव अभी कुछ दिन और परेशान कर सकती है। सप्ताह के अंत तक दिन का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस व रात का तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है।



रेवाड़ी। मंगलवार को सरकुलर रोड से धूप से बचाव करते हुए ट्रैक्टर चालक।

### तेजी से बढ़ रही बिजली की डिमांड

भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। दिन व रात के समय पावर कट भी परेशान करने लगे है। बिजली निगम ने पावर हाउस पर लगे ट्रांसफार्मरों को कूलर से ठंडा करना शुरू कर दिया है। रात का तापमान बढ़ने के बाद बिजली की मांग इस बार 150 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। जल्द ही कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़नी शुरू हो जाएगी। शहर में पेय पदार्थों की भी डिमांड काफी बढ़ गई है। नारियल पानी व जूस की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आ रही है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## ‘अरण्येर दिन रात्रि’ का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। ‘कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025’ का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’ की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। ‘अरण्येर दिन रात्रि’ के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया।

शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार


2002 में मानद पाल्मे डी’ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को ‘फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे’फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला ‘पाम डी ओर’

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा



पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी’ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।


*फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार :* यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म ‘हाईएस्ट 2 लोएस्ट’ की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।

*गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे ‘एक्वामैन’ एक्टर :* ‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों ‘स्प्लिट्सविले’की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।




## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ‘बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!’ इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म ‘हेरा फेरी 3’ छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, ‘फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।’ वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में ‘योगी दा’ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ‘हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ‘विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ‘अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।’ विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, ‘मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## ‘वॉर 2’ का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘वॉर 2’ का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ‘वॉर 2’ इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ‘वॉर 2’ यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले ‘वार’ 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।



टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा ‘शक्तिमान’

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल ‘शक्तिमान’ पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो ‘शक्तिमान’ के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम ‘शक्तिमान’ शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है ‘जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।’ पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है ‘शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।’ आपको बता दें ‘शक्तिमान’ एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में ‘शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज’ और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, ‘हमारा हीरो शक्तिमान’ आई।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

## संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में ‘कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है ‘मुकद्दर का सिकंदर’। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म ‘मुकद्दर का सिकंदर’ के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर’ का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और ‘सलाम-ए-इश्क’ में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

## खबर संक्षेप



### लालडोरा की जमीन का मालिकाना हक मिलना शुरू

**धारूहेड़ा।** नगरपालिका ने धारूहेड़ा कस्बे के लालडोरा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नपा अध्यक्ष कंवर सिंह ने मंगलवार को 10 लोगों को मालिकाना प्रमाण पत्र वितरित किए। नगरपालिका ने लालडोरा के सभी भू-मालिकों की लिस्ट भी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी है और पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी ह। लोग अपनी प्रॉपर्टी की जांच करके लालडोरा सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं।

### सिविल कोर्ट कोसली में रक्तदान शिविर लगाया

**कोसली।** सिविल कोर्ट कोसली में मंगलवार को अधिवक्ता परिषद व बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान से देश के वीर जवानों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कोसली एसडीम विजय कुमार यादव ने किया। एसडीएम ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया तथा सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।

### ट्रैफिक नियमों को अपनाना बहुत जरूरीः विनोद शंकर

**धारूहेड़ा।** ट्रैफिक पुलिस की ओर से मंगलवार को धारूहेड़ा के यूरो इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभावों व समय पर चालान भरने के लिए जागरूक किया गया। डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर, ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार, धारूहेड़ा टीएपी इंचार्ज एसआई सुरेश कुमार व प्रिंसिपल कल्पना यादव कार्यक्रम में मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर ने कहा की ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है।

### नागरिक अस्पताल को भेंट किए मेडिकल उपकरण

**रेवाड़ी।** स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को सदृढ़ करने और आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान के उद्देश्य से हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रामामंडी-रेवाड़ी-कानपुर पाइपलाइन की ओर से सीएसआर के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एचपीएसीएल की ओर से नागरिक अस्पताल के लिए लगभग 12.5 लाख रुपये के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण भेंट किए गए।

### संकट मोचन हनुमान जी के भंडारे का आयोजन

**कोसली।** गुड़ियानी गांव में मंदिर कमेटी एवं ग्रामीणों के सहयोग से मंगलवार को संकट मोचन हनुमान जी के भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सोमवार रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विजय गुड़ियानी ने किया।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** यदुवंशी स्कूल में मंगलवार को सेक्सुअल हरेसमेंट व सड़क सुरक्षा जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में छात्रों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व और सेक्सुअल हरेसमेंट के प्रति जागरूक किया गया। एडवोकेट विनोद कुमार ने कहा कि बच्चे छोटी-छोटी शरारतों को नजरंदाज न करें, यह भविष्य में किसी बड़ी शरारत का रूप ले सकती है।

### ट्रेन में धक्का-मुक्की करते हुए पर्स उड़ाया

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने समय कुछ लोगों ने दंपति के साथ धक्का-मुक्की करते हुए बैग से पर्स उड़ा लिया। पर्स में लाखों रुपये के गहने व नकदी थी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में गुजरात के उमियाना नगर निवासी शुभम पटेल ने बताया कि वह इस समय सेक्टर-3 में रह रहा है।

## डीटीपी ने छह निर्माण किए ध्वस्त

# खलियावास में तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद अवैध कॉलोनियां विकसित करने में लगे प्रॉपर्टी डीलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। खलियावास में अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

डीटीपी की जेसीबी मशीन अवैध निर्माणों व कॉलोनियों पर लगातार तोड़फोड करने में लगी हुई है, लेकिन अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले कॉलोनाइजर व डीलरों पर असर नहीं पड़ रहा है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से धारूहेड़ा क्षेत्र की राजस्व सीमा गांव खलियावास में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। डीटीपी की ओर से अवैध रूप से हो रहे निर्माणों को लेकर लगातार नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। डीटीपी विभाग की टीम मंबलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ धारूहेड़ा के गांव खलियावास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज कर दिया।

इस दौरान 5 चारदीवारी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-धारूहेड़ा रोड पर 6 अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। जिले में चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेच रहे हैं। ऐसे में जब खरीददार निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की ओर निर्माण को तोड़ दिया जाता है।

### वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें लोगः डीटीपी

डीटीपी विभाग की ओर से अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है, जिसके बाद उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपनी गाढ़ी कमाई को बचाने के लिए लोग वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें।



–मंदीप सिहाग,
डीटीपी, रेवाड़ी।


रेवाड़ी। योग शिविर के समापन पर हवन करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# पांच दिवसीय योग शिविर का हवन के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- दीप प्रज्ज्वलित कर अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया

गांव गोकलगढ़ स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को हवन के साथ समापन किया गया। शिविर के समापन समारोह में हरियाणा गोक्रांति मिशन के राज्य प्रभारी प्रदीप डागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया तथा योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। हवन में समाजसेवी राकेश यादव ने अपनी धर्मपत्नी सपना यादव के साथ यज्ञमान की भूमिका निभाई। पतंजलि योग समिति जिला महिला प्रभारी सरोज आर्य तथा जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने हवन संपन्न कराया। भारत स्वाभिमान के तहसील प्रभारी कैप्टन राजेंद्र सिंह ने योगिंग-जोगिंग सहित योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने की अपील की। इस अवसर पर मास्टर सतवीर सिंह, हेड मास्टर जितेंद्र सिंह, अजीत सिंह, मुकेश कुमार, अजीत कुमार, तानवी, बलवंती, पुष्पा, ऊषा यादव, सुमन, राज, शकुंतला, संतोष, सरोज, बिमला, सपना व प्रकाशवती उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को अहिल्यादेवी होलकर की जीवनी से करवाया रूबरू

**रेवाड़ी।** लोकमाता पुण्यश्लोका अहिल्यादेवी होलकर के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. आरबी ने विद्यार्थियों को अहिल्यादेवी होलकर की जीवनी से अवगत कराया। समाजसेवी रमेश सचदेवा भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रिंसिपल रामफल ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थी व अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुस्कान 96.2 प्रतिशत अंक लेकर बनी बारहवीं में स्कूल टॉपर


रेवाड़ी। बारहवीं के मेधावी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव बहादुर सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बारहवीं कक्षा के कला संकाय, विज्ञान संकाय व वाणिज्य संकाय में स्कूल के 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। वाणिज्य संकाय में मुस्कान 96.2 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल रही। कला संकाय से किरण ने 94.4 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से दिशा ने 93.6 प्रतिशत, कला संकाय से मोनिका ने 92.8 प्रतिशत, विज्ञान संकाय से ज्योति ने 91.8 प्रतिशत, कला संकाय से मोहिनी ने 90.2 प्रतिशत व विज्ञान संकाय से महिमा ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुशीला यादव ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा निदेशक शिवकृष्ण यादव ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका मनीषा यादव, संचालक दीपक यादव व प्राध्यापक डा. अंकुर सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में मंगलवार को कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुलसचिव ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना की मेहनत, साहस और पराक्रम को समर्पित है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना ने सफल कर दिखाया। इस अवसर पर प्रोफेसर सविता श्योराण, प्रोफेसर रश्मि पुंडीर, प्रोफेसर करण सिंह, डा. महावीर बड़क, डा. नवनीत, डा. जयपाल, डा. प्रवीण कुमार, डा. संदीप, ममता यादव, डा. रीना हुड्डा, देवेंद्र सिंह व जेई अनिल नैन सहित सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का दिया संदेश



**रेवाड़ी।** हांसाका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा स्कूल से प्रारंभ होकर फिदेड़ी, रामगढ़ भगवानपुर, बुड़ानी, खलीलपुरी, मांढ़ैया व माजरा श्योराज होते हुए स्कूल में पहुंची। स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर देशभक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुरेश कुमार यादव ने कहा कि स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में राज्यभर में अव्वल रहकर परचम लहराया है। वहीं सभी विद्यार्थी देशभक्ति में भी अव्वल है।

## शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षक हुए सम्मानित



**कुंड।** एचबीएसई दसवीं परीक्षा में राजकीय उच्च विद्यालय पुंसिका का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक डा. महेश कुमार ने गांव के समाजसेवियों व शिक्षाविदों के साथ सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। मुख्य अध्यापक सुनील कुमार ने सभी अतिथियों को स्वागत किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने मेघा सूची में नाम दर्ज कराया है। गांव के समाजसेवियों तथा शिक्षाविदों के निरंतर सहयोग से विद्यालय कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर सरपंच सत्यपाल, सुबे मंजीत, इंस्पेक्टर मनेंद्र, सूबे, जगदीश, देवराज, शेरसिंह, रणतेज, प्रदीप कुमार व किरण यादव सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# यूरो स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में पाई शानदार सफलता

**रेवाड़ी।** यूरो स्कूल के मेधावी छात्रों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस वर्ष तीन होनहार छात्राओं ने जिले में टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। वर्षा यादव ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके नॉन मेडिकल साइंस वर्ग से जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। रितिका ने 97.2 प्रतिशत अंक के साथ मेडिकल साइंस वर्ग से जिले में टॉप किया। देविका ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर यादव ने बताया कि कृतिका शर्मा ने कक्षा दसवीं में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे यूरो ग्रुप में टॉप किया है। कक्षा 12वीं में 27 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 102 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक व 165 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में 49 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा, 161 ने 90 प्रतिशत से ज्यादा व 208 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि एक ही स्कूल से दो विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## आईबी व पुलिस ने हरीनगर ईंट-भट्ठे से 16 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े

- 25 साल पहले आए थे भारत

**रेवाड़ी।** केंद्रीय खुफिया ब्यूरो और रामपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को गांव हरीनगर स्थित ईंट-भट्ठे पर छापेमारी करते हुए 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए घुसपैठिये बांग्लादेशी में कुड़ीग्राम जिले के रहने वाले है। ये बांग्लादेशी 25 साल पहले पश्चिम बंगाल के कूचबिहार एरिया में बॉर्डर क्रास कर भारत में अवैध तरीके से दाखिल हुए है। इनमें 4 महिलाएं, 5 पुरुष और 7 बच्चे शामिल है। रामपुरा थाना पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। केंद्रीय खुफिया विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि हरीनगर फ्लाइओवर के समीप विनय ईंट-भट्ठा पर लंबे समय से कुछ बांग्लादेशी रह रहे हैं। सूचना के बाद आईबी की टीम ने रामपुरा थाना पुलिस को सूचित करते हुए भट्ठे पर छापेमारी की।


रेवाड़ी। हरीनगर स्थित ईंट–भट्ठे से पकड़े गए बांग्लादेशी। फोटो :हरिभूमि

**समारोह** शहीद बलबीर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बिसोहा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# गवर्नमेंट स्कूल बिसोहा में दसवीं में मेधा सूची में नाम दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

- 4 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर परीक्षा पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। बिसोहा स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करते शिक्षक।

शहीद बलबीर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बिसोहा में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी डा. राजेन्द्र यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे व अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी रामकिशन यादव ने की। विद्यालय प्रभारी ने बताया कि कक्षा दसवीं में 16 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी, जिसमें 6 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में अपना नाम दर्ज कराया। 4 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर परीक्षा पास की व 6 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। कुमारी मुस्कान 440 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। कुमारी खुशबू 419 अंक प्राप्त कर दूसरे व सानिया 413 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। आदित्य, लक्ष्य एवं पीयूष ने भी मेधा सूची में नाम दर्ज कराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय प्रभारी व स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर गांव बिसोहा के सरपंच राधेश्याम, शिक्षाविद् बाबूलाल यादव, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरेश कुमार, वरिष्ठ शिक्षिका सुमित्रा देवी, सविता देवी, कांता देवी, संगीता यादव, सीमा कुमारी, रामनिवास, लिपिक प्रदीप कुमार, छत्रपाल, मुख्य शिक्षक प्रवीण यादव, स्नेहलता, प्रदीप कुमार, रामचंद्र व संदीप मौजूद थे।

## कंपनी में लाखों रुपये की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** गत 9 मार्च को औद्योगिक एरिया की एक कंपनी से दीवार तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार गया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

पुलिस शिकायत में कंपनी के क्वालिटी मैनेजर अर्पित सेठ ने बताया था कि कंपनी के सिक्योरिटी हेड पवन कुमार ने उसे बताया कि कंपनी में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद वह कंपनी पहुंचा तो पीछे की दीवार का एक हिस्सा टूटा हुआ था।

चोर कंपनी से 29 इंकजेट प्रिंटर, पंच, केबल के बंडल व काफी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

**जल ही जीवन है इसे बचाओ**

**सूचना**

मैं, प्रदीप कुमार पुत्र श्री दाउदयाल शर्मा निवासी ग्राम कौरई, तहसील किरावली, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश हालाबाद सरकारी अस्पताल बावल के पास बावल, तहसील बावल जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दीपक (DEEPAK) व जन्मतिथि 25.08.2012 दर्ज है और मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दीपक शर्मा (DEEPAK SHARMA) व जन्म तिथि 20.08.2009 दर्ज है जोकि गलत है। मेरे पुत्र दीपक (DEEPAK) के जन्म प्रमाण पत्र के रिकार्ड व मेरी सभी आईडी में मेरा नाम प्रदीप कुमार (PRADEEP KLMAR) व मेरी पत्नी का नाम पिंकी (PINKEE) दर्ज है और जबकि मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम प्रदीप कुमार शर्मा (PARDEEP KLMAR SHARMA) व मेरी पत्नी का नाम पिंकी देवी (PINKI DEVI) दर्ज है। अब मैं अपने पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का दीपक (DEEPAK) व जन्मतिथि 26.08.2012 और मैं अपना नाम प्रदीप कुमार (PRADEEP KUMAR) व अपनी पत्नी का नाम पिंकी (PINKEE) दर्ज कराना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खेलने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने एक मोटर वर्कशॉप के पास सट्टा खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सट्टे की राशि भी बरामद की गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटर वर्कशॉप के पास बने बास के शेड में कुछ लोग सट्टा खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां बास के शेड के अंदर पांच लोग सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने पांचों को मौके पर ही काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजस्थान के मिलकपुर निवासी रिंकू, भिवाड़ी के फूलबाग निवासी रफीक, यूपी के गुनहोली निवासी शीशपाल, राजस्थान के परिता निवासी हेमराज व गुरूग्राम के कासन निवासी कृष्ण कुमार शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सट्टे की 5740 रुपये राशि व सट्टे में प्रयुक्त तीन डायरियां बरामद की गई हैं।

### चोरी की आरोपी महिला को कोर्ट ने भेजा जेल

**रेवाड़ी।** गत सोमवार को बस में लाखों रुपये के जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम देने की आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के बाद महिला के कब्जे से आभूषण बरामद हुए थे।

परसुराम कॉलोनी निवासी आरती सोमवार दोपहर अपनी बुआ के गांव अटेली से बस में रेवाड़ी आ रही थी। बस में उसकी सीट पर बगल में एक महिला छोटी बच्ची के साथ बैठी थी। महिला ने अपना बैग आरती के बैग पर रख लिया। नाईवाली चौक के पास आरती ने बैग चेक किया तो उससे चार सोने की चूड़ियां व चार अंगूठियां गायब मिलीं। आरती को साइड में बैठी महिला पर संदेह हो गया। उसने नाईवाली चौक पर ही महिला को बस से उतारकर अपने पति को फोन किया। उसके पति पवन कुमार ने चौक पर आकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के साथ पकड़ी महिला का बैग चेक किया तो उससे आभूषण बरामद हो गए।

### किसानों के खेतों से फव्वारा पाइप व नोजल चोरी

**खोरी।** पाली गांव से चोर रात के समय दो किसानों के खेतों से हजारों रुपये के फव्वारा पाइप और नोजल चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।


पुलिस शिकायत में पाली निवासी कर्मवीर ने बताया कि उसने अपने फव्वारा पाइप व नोजल खेत में रखे हुए थे। सुबह के समय वह खेत में गया तो 15 फव्वारा पाइप और 12 नोजल नहीं मिले। उसने आसपास पूछताछ की तो उसके पड़ोसी राहुल ने बताया कि उसके ट्यूबवेल से भी चोर 14 पाइप व 2 गुटके चोरी कर ले गए हैं। कर्मवीर ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना पर थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## आगामी माह में दस्तक देगा मानसून

# नालों की सफाई के टेंडर देरी से होने पर इस बार भी शहर में जलभराव करेगा परेशान

- नगर परिषद की ओर से नालों की सफाई के लिए लगाए ऑनलाइन टेंडर 23 को होंगे ओपन, गर्त वर्ष भी ठीक से नहीं हो पाई बरसाती नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रेवाड़ी। नेहरू पार्क में लंबे समय से ओवरफ्लो हो रहा सीवर, मॉडल टाउन में गंदगी से लबालब नाला तथा सरकुलर रोड पर गंदगी से भरा नाला।

आगामी माह में मानसून की दस्तक के साथ ही बरसाती सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन नगर परिषद की ओर से गत वर्ष की तरह अभी तक नालों की सफाई तक शुरू नहीं की गई है। हालांकि नगर परिषद की ओर से नालों की सफाई के लिए टेंडर लगाए हुए है, जोकि 23 मई को ओपन होने वाले है, जिसके बाद वर्क ऑर्डर करके नालों की सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा। प्रति वर्ष शहर के नालों की सफाई के टेंडर देरी से होने के कारण ठीक तरह से सफाई नहीं हो पाती है। जब सफाई शुरू की जाती है तो बरसात शुरू हो जाती है और सफाई कार्य अधूरा रह जाता है।

इसके बाद शहरवासियों को सड़कों पर जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। प्रति वर्ष लाखों रुपये का ठेका देने के बाद भी शहर के बरसाती नाले गंदगी से लबालब भरे रहते है। गत वर्ष शहर के नालों की सफाई के लिए लाखों का टेंडर करने के बाद खानापूर्ति कर दी गई। सभी नालों की पूर्णरूप से सफाई नहीं हो पाई, जिससे शहर की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही। इस बार भी नालों की सफाई के टेंडर ओपन होने में देरी की जा रही है।

**नाले गंदगी से लबालब, सीवरेज सिस्टम भी ठप :** शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से मानसून आने से पहले नालों की सफाई को लेकर योजना नहीं बनाई जाती है। बरसात आने के बाद नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। वर्तमान में शहर के सेक्टर-एक के पास बरसाती नाला, मिनी बाइपास से साधूशाह नगर जा रहा बरसाती नाला, दिल्ली रोड का बरसाती नाला, ऑटो मार्केट का नाला, राव तुलाराम पार्क के पास का नाला, मॉडल टाउन का नाला व नारनौल रोड स्थित नाला सहित सरकुलर रोड के नाले पूरी तरह गंदगी से लबालब है। यहां तक कि शहर के सीवरेज सिस्टम भी ठप पड़े हुए है।

### ऑनलाइन टेंडर लगाए जा चुके

शहर के नालों की सफाई के लिए पहले ही ऑनलाइन टेंडर लगाए जा चुके है। 23 मई को टेंडर ओपन होने के बाद वर्क ऑर्डर कर दिए जाएंगे। मानसून आने से पहले शहर के सभी नालों की सफाई कराई जाएगी। शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

\- **अंकित वशिष्ठ,** एक्सईएन, नगर परिषद।


रेवाड़ी। शहर में जल निकासी प्रबंधों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

## बरसाती मौसम से पूर्व जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करें: उपायुक्त मीणा

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि विभाग जिले के शहरी क्षेत्रों में बरसात से पूर्व ही जल निकासी के व्यापक प्रबंध करें ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। शहर के सभी नालों की सफाई व सीवरेज सिस्टम को योजनाबद्ध तरीके स दुरूस्त करें। डीसी मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की जल निकासी प्रबंधों को लेकर बैठक ली। डीसी ने अधिकारियों को सडकों व गलियों में जलभराव से निपटने के लिए निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी बरसात के मौसम में जलभराव न हो इसके लिए मानसून आने से पहले नगर परिषद, सिंचाई, जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग सहित पंचायती राज विभाग के अधिकारी ठोस कदम उठाएं। उन्होंने डीएमसी को नालों की सफाई के लिए डीजी सेट व मेनपावर की व्यवस्था के लिए प्रबंध करने के निर्देश दिए। डीसी ने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ घरों से डोर-टू-डोर कचरा उठाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि रामसिंहपुरा व सहारनवास में स्थापित डंपिंग यार्ड में पड़े कचरे का उचित प्रबंधन किया जाए। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त राहुल मोदी, सीटीएम प्रीति रावत, ईओ एचएसवीपी, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित नगर परिषद व नगर पालिका धारूहेड़ा-बावल के अधिकारी मौजूद थे।

# आवेदकों को अविलंब ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर लाभांवित करें बैंकर्सः एडीसी

- एडीसी अनुपमा अंजलि ने जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला सलाहकार समिति की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। सचिवालय में बैंक अधिकारियों की बैठक लेती एडीसी अनुपमा अंजलि।

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि सभी बैंकर्स केंद्र व राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही ऋण योजनाओं के तहत आवेदकों को अविलम्ब ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर लाभांवित करें। प्रक्रिया के तहत विभिन्न विभागों से संबंधित जो भी ऋण आवेदन लंबित, उन्हें जल्द से जल्द क्लीयरेंस देकर पात्र लोगों का सहयोग करें।

एडीसी अनुपमा अंजलि मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला सलाहकार समिति की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों व बैंकर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी।

एडीसी अनुपमा ने विभिन्न विभागों के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में जमा, अग्रिम, सीडी अनुपात और संवितरण स्थिति में बैंकों के प्रदर्शन तथा किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएम स्वनिधि योजना, पीएमईजीपी, पीएमएमवाई, पीएमएफएमई, पीएम विश्वकर्मा योजना और सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना सहित अन्य के लिए जिले में कार्यरत प्रत्येक बैंक की प्रगति बारे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैंकर्स सरकार की योजनाओं के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदकों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराएं। उन्होंने बैंकर्स को ऋणों में बढ़ोतरी तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के तहत अधिक से अधिक ऋण देने के निर्देश दिए। एडीसी ने आवेदनों के समय पर निपटारे के महत्व और विभागों और बैंक के प्रमुखों को समन्वय में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न बैंक द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली और वार्षिक ऋण योजना के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई खातों, रूपए कार्ड जारी करने, स्टैंड-अप इंडिया बारे रिपोर्ट ली। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा की। बैठक में आरबीआई से एलडीओ सुरेन्द्र कुमार, एजीएम नाबार्ड जगदीश परिहार, एलडीएम राजीव रंजन कुमार व डीपीएम आफताब अहमद सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दीपिका बीकानेर स्कूल की एसएमसी अध्यक्ष और मीनू बनीं उपाध्यक्ष

- सांझी सभा का आयोजन कर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। एसएमसी की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में सांझी सभा का आयोजन कर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। एसएमसी इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि एसएमसी के पुनर्गठन के लिए आमसभा में डेढ़ सौ विद्यार्थियों के माता-पिता व अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के लिए अभिभावकों में से 12 सदस्यों पुष्पा देवी, अन्नू कुमारी, दीपिका सोनी, कोमल, लाली देवी, मीनू कुमारी, पुष्पा, सुदेश कुमारी, शेरसिंह व सोमदत्त का चयन किया गया। सभी चयनित 12 सदस्यों ने सर्वसम्मति से दीपिका सोनी को अध्यक्ष तथा मीनू देवी का उपाध्यक्ष के रूप में चयन किया। 16 सदस्यीय समिति में अभिभावकों में से 12 सदस्यों के चुनाव के बाद विद्यालय शिक्षकों में प्रवक्ता मनोज कुमार तथा अध्यापक मुकेश कुमार को चुना गया। समाजसेवी दयाराम आर्य को शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समिति में शामिल किया गया तथा जोगिंदर सिंह पंच को पंचायत प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। विद्यालय प्राचार्य संयोजक तथा एबीआरसी दिनेश कुमार रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ तथा अभिभावक उपस्थित थे।

# छात्राओं को दी गलत खानपान और एनीमिया के दुष्प्रभावों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



श्रीराम शाखा, भारत विकास परिषद व ओबस एंड गाइनी सोसयटी के संयुक्त तत्वावधान में सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव बोडिया कमलापुर में संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को गलत खानपान व एनीमिया की बीमारी से होने वाले दुष्प्रभावों व उनके बचाव के बारे में बताया गया। श्रीराम शाखा की महिला संयोजिका व सोसायटी की सेक्रेटरी डा. नीरज यादव ने बच्चों को फास्ट फूड से होने वाले नुकसान व पारंपरिक खानों के फायदे बताएं। उन्होंने एनीमिया बीमारी से होने वाले दुष्प्रभावों व बचाव के लिए उचित खानपान की जानकारी दी। डा. पूनम जैन ने बच्चों को हॉलिस्टिक हेल्थ के बारे में बताया।

श्रीराम शाखा की महिला सहसंयोजिका मानसी अरोड़ा ने बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक खाना खाने तथा एनीमिया मुक्त भारत बनाने में उनके योगदान की शपथ दिलाई। शाखा के संरक्षक सीए जितेश अग्रवाल ने स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया। स्कूल के प्रिंसिपल हरिप्रकाश ने भारत विकास परिषद व सोसायटी से आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुसुम, रजनी, उर्मिला, विजेंदर व अपूर्व सहित सभी अध्यापक उपस्थित थे।

# आरपीएस के अथर्व व वान्या ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में लहराया परचम

- प्रतियोगिता का आयोजन इन्स्पायर बैडमिंटन अकेडमी में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। अथर्व पाराशर को सम्मानित करते प्राचार्य विक्रम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली रोड़ स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल के छात्र अथर्व और वान्या ने जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन गढी बोलनी रोड़ स्थित इन्स्पायर बैडमिंटन अकेडमी में किया गया। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के 160 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। आरपीएस के दसवीं कक्षा के छात्र अथर्व पाराशर ने अंडर-17 और अंडर-19 कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कक्षा नौवीं से वान्या ने अंडर-15 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इनके अलावा स्कूल से 11वीं कक्षा के छात्र कार्तिक सहित अन्य बच्चों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया।

पदक जीतकर लौटने पर विद्यालय में छात्रों का स्वागत किया गया। आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव व सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेना भी जरूरी है। स्कूल के प्राचार्य विक्रम यादव ने सभी खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी तथा विजेताओं को सम्मानित किया। शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा, स्कूल डीन राकेश वशिष्ठ व विंग हैड नरेश यादव के साथ-साथ सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### दहेज उत्पीड़न मामलों में तीन गिरफ्तार

- काउंसलिंग के बाद भी समझौता नहीं
- तीनों को पुलिस बेल पर रिहा किया

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद समझौता नहीं होने के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किए थे। कोसली पुलिस ने 1 अप्रैल को दर्ज मामले में सादतनगर निवासी मनोज को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने 30 जून 2023 को दर्ज मामले में मंदोला निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई पुलिस ने गुरूग्राम के सूरत नगर निवासी हेमंत कटारिया को 6 मई को दर्ज केस में गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

**समस्या** गांव ने 33 केवी पावर हाउस के लिए बिजली निगम को मुफ्त जमीन दी थी

# ट्रांसफार्मर का फेज उड़ने से खरखड़ा में रातभर गुल रही बिजली, ग्रामीणों का फोन नहीं किया रिसीव

- गर्मी के मौसम में बिजली सप्लाई बाधित रहने से ग्रामीणों में रोष
- जल्द सुधार न हुआ तो वे बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा



रेवाड़ी। गांव खरखड़ा का बिजली सब स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

गांव खरखड़ा की एससी कॉलोनी के पास लगे ट्रांसफार्मर के एक फेज में सोमवार की रात 10 बजे से बिजली सप्लाई ठप रही, जिसके चलते ग्रामीणों को गर्मी और उमस में पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। बिजली निगम की ओर से न तो समय पर मरम्मत की गई और न ही कर्मचारियों व अधिकारियों ने फोन उठाया। मंगलवार को सुबह बिजली निगम की ओर से ट्रांसफार्मर से फेज ठीक कर बिजली सप्लाई को दुरुस्त किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव ने 33 केवी पावर हाउस के लिए बिजली निगम को मुफ्त जमीन दी थी, जो वर्तमान में संचालित भी है, लेकिन इसके बावजूद रात में फॉल्ट ठीक करना तो दूर फोन तक नहीं उठाए जाते है।

बिजली निगम के एक अधिकारी ने कहा कि रात के समय स्टाफ की कमी के कारण खरखड़ा, ततारपुर, अलावलपुर, नंदरामपुर बास, भटसाना और रामजस नगर कॉलोनी में फॉल्ट ठीक करना मुश्किल होता है।

### ग्रामीणों ने बिजली मंत्री को लिखा पत्र

गर्मी के मौसम में बिजली सप्लाई बाधित रहने से ग्रामीणों में काफी रोष है। खरखड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने हरियाणा के बिजली मंत्री को पत्र लिखकर बिजली निगम के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव खरखड़ा ने 33 केवी पावर हाउस के लिए मुफ्त जमीन दी थी। फिर भी 19 मई की रात 10 बजे से बिजली गुल रही और कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीण रमेश कुमार ने कहा कि सभी ग्रामीण समय पर बिजली बिल भरते हैं, फिर भी गर्मी में रातभर बिजली गुल रहती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द सुधार न हुआ तो वे बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने बिजली मंत्री से बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है।